# Greenlawns School, Worli

**प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२५-२६)**

**हिंदी**

**कक्षा :- दसवीं** **पूर्णांक:-८०**

**दिनांक :- ०९.०९.२५** **समय:- ३ घंटे**

**Maximum Marks: 80**
**Time allowed: Three hours.**
**Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.**
**You will not be allowed to write during the first 15 minutes.**
**This time is to be spent in reading the question paper.**
**The time given at the head of this question paper is the time allowed for writing answer.**

---

**Section A is compulsory - All questions in Section A must be answered.**
**Attempt any four questions from Sections B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two questions from the same book you have studied .**
**The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]**

---

## SECTION A

**(Attempt all questions from this Section.)**

**Question 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :**

**प्र.१निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त हिंदी लेख लिखिए [15]**


१) सादगी भी लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ती है। कथन को ध्यान में रखते हुए अपने देश के किसी ऐसे व्यक्तित्व के विषय में लिखिए जिन्होंने सादा जीवन उच्च विचार को आधार मान कर अपना जीवन बिताया हो।आपके ऊपर उस व्यक्ति का प्रभाव किस प्रकार रहा, यह भी स्पष्ट कीजिए।

२) हाल ही में आप किसी विवाह उत्सव में गए थे। वहाँ अत्यधिक सजावट आदि पर धन का अपव्यय होते देखा। धन के अपव्यय की बढ़ती प्रवृत्ति के कारणों, दुष्परिणामों का उल्लेख करते हुए इस दुष्प्रवृत्ति को रोकने में युवा वर्ग की भूमिका पर अपने विचार लिखिए।

३) कल्पना कीजिए कि आप बहुत बड़े नेता बन गए हैं। चारों ओर आप की प्रसिद्धि है, आप बहुत प्रसन्न हैं। नेता बनने के बाद आप की क्या योजनाएं होंगी, जिनके द्वारा आप देश का विकास, शिक्षा, व्यापार, कृषि और चिकित्सा के क्षेत्र में करना चाहेंगे, उनका सविस्तार वर्णन कीजिए।

४) 'ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि वह मेरे इस सपने को पूरा करने में मदद करें'इस पंक्ति से समाप्त करते हुए कोई कहानी लिखिए।

५) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए , जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।




**Question 2**

**Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the following topics :**

प्र.२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :- **[7]**

**संभवत: नासमझी के कारण ही आपने अपनी माताजी के साथ अभद्र व्यवहार किया। उन भावनाओं का, जिनके वशीभूत आकर आपने अनुचित व्यवहार किया, उनका उल्लेख करते हुए तथा क्षमा याचना करते हुए माताजी को पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**आजकल टेलीविजन द्वारा विभिन्न चैनलों पर अंधविश्वास तथा तंत्र - मंत्र से संबंधित कार्यक्रम दिखाकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री को पत्र लिखकर ऐसे कार्यक्रमों पर रोक लगाने का अनुरोध कीजिए।**

**Question 3**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :**

**प्र. ३ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।**

**कौशल देश के वृद्ध राजा के चार पुत्र थे। उन्हें यह चिंता सताने लगी थी कि राज्य का उत्तराधिकारी कैसे बनाया जाए? सोच - विचार के बाद अपने चारों पुत्रों को बुलाकर राजा ने कहा, "तुम चारों में से जो सबसे बड़े धर्मात्मा को मेरे पास ले आएगा, वहीं राज्य का स्वामी बनेगा।" तत्पश्चात चारों राजकुमार अपने- अपने घोड़ों पर सवार होकर चल पड़े।**

कुछ दिनों बाद बड़ा पुत्र अपने साथ एक महाजन को लेकर आया और राजा से बोला, "यह महाजन लाखों रुपए का दान कर चुके हैं, अनेक मंदिर व धर्मशालाएँ बनवा चुके हैं तथा साधु, संतों और ब्राह्मणों को भोजन कराने के उपरांत ही ये भोजन करते हैं। इनसे बड़ा धर्मात्मा कौन होगा?""हाँ, वास्तव में यह धर्मात्मा है।" राजा ने कहा और सत्कारपूर्वक विदा किया।

इसके बाद दूसरा पुत्र एक दुबले पतले शरीर वाले ब्राह्मण को लेकर आया और राजा से कहा, "ये ब्राह्मण देवता चारों धामों की यात्रा कर आए हैं, कोई तामसी वृत्ति इन्हें छू नहीं गई है। इनसे बढ़कर कोई धर्मात्मा नहीं है।" राजा ब्राह्मण के समक्ष नतमस्तक हुए और दान दक्षिणा देकर बोले, "इसमें संदेह नहीं कि यह एक श्रेष्ठ धर्मात्मा हैं।"तभी तीसरा पुत्र एक साधु को लेकर पहुँचा और बोला, "यह साधु महाराज सप्ताह में केवल एक बार दूध पीकर रहते हैं। भयंकर सर्दी में जल में खड़े रहते हैं और गर्मी में पंचाग्नि तापते हैं। ये सबसे बड़े धर्मात्मा हैं।" राजा ने साधु को प्रणाम किया और कहा, " निश्चय ही ये एक उत्तम साधु हैं।" साधु महाराज राजा को आशीर्वाद देकर विदा हुए।

अंत में सबसे छोटा पुत्र एक निर्धन किसान के साथ आया। किसान दूर से ही भय के मारे हाथ जोड़ता हुआ चला आ रहा था। तीनों भाई छोटे भाई की मूर्खता पर ठहाका लगा कर हँस पड़े। छोटा पुत्र बोला, "एक कुत्ते के शरीर पर लगे घाव को यह आदमी धो रहा था। पता नहीं यह धर्मात्मा है या नहीं। आप ही इससे पूछ लीजिए।"

"तुम क्या धर्म-कर्म करते हो?" राजा ने पूछा। किसान डरते - डरते बोला, "धर्म किसे कहते हैं, यह मैं नहीं जानता, करना तो दूर रहा। मैं जिसे भी दुखी देखता हूँ, मुट्ठी भर अन्न अवश्य दे देता हूँ।"

"यह किसान ही सबसे बड़ा धर्मात्मा है।"राजा ने कहा। राजा की बात सुनकर तीनों बड़े लड़के एक-दूसरे का मुँह ताकने लगे। राजा ने पुनः कहा, "तीर्थ यात्रा करना, भगवत- आराधना में लीन रहना, दान- पुण्य करना और जप- तप करना भी धर्म है किंतु बिना किसी स्वार्थ के किसी दीन – दुखी और कष्ट में पड़े हुए प्राणी की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। जो परोपकार करता है, वही सबसे बड़ा धर्मात्मा है। "

प्रश्न –

१. राजा को क्या चिंता थी? उसने अपने पुत्रों को बुलाकर क्या कहा ? २

२. तीसरा पुत्र अपने साथ किसे लाया था ? उसने राजा से क्या कहा ? २

३. बड़े पुत्र की दृष्टि में धर्मात्मा कौन था एवं क्यों ? २

४. किसान को देखकर तीनों भाइयों ने क्या प्रतिक्रिया दी ? राजा ने किसे सबसे बड़ा धर्मात्मा कहा? क्यों? २

५. प्रस्तुत गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिली ? २

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given below :**
**प्र. ४ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-** ८

(i) 'कला ' का पर्यायवाची शब्द बताइए :-

a) काल - समय

b) गुणी - कुशल

c) कलात्मक - सृजनात्मक

d) गुण - हुनर

(ii) 'पत्थर ' का विशेषण शब्द बताइए:-

a) पटरी

b) पथरी

c) पथरीला

d) पत्रीला

(iii) 'वीर ' की भाववाचक संज्ञा चुनिए -

a) वीरांगना

b) वीरान

c) वीरता

d) विरता

(iv) 'तरुण' का विलोम शब्द चुनिए -

a) करुण

b) वृद्ध

c) तरुणा

d) वृद्धि

(v) 'घाट- घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ बताइए :-

a) जगह - जगह घूमना

b) बहुत प्यास लगना

c) बहुत अनुभवी होना

d) बहुत मेहनत करना

(vi) 'अनुकुल ' शब्द का शुद्ध रूप बताइए:

a) अनुकूल
b) अनूकूल
c) अनुकुल्ल
d) अणुकुल

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

कश्मीर में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य है ।

(इस वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए)

a) कश्मीर में अनेक स्थल को देखने योग्य है ।
b) कश्मीर में अनेक दर्शनीय स्थल हैं ।
c) कश्मीर में कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य थे।
d) कश्मीर में अनेक स्थल दिखाने योग्य है ।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।
रोगी की <u>दिशा</u> ठीक नहीं है ।
(रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द का प्रयोग कीजिए।)

a) रोग
b) दशा
c) दया
d) बीमारी

## **<u>Section B (40 Marks)</u>**

**<u>( Attempt any Four questions from this Section.)</u>**
**<u>( You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from the same books you have chosen.)</u>**

<u>साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ</u>
**<u>(SAHITYA SAGAR – SHORT STORIES)</u>**

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:**

प्र.५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

**"बेटा मैं तुमसे बाहर नहीं हूँ। तुम्हारा जी जो चाहे करो, अब तो लड़के से अपराध हो गया।"**

**बड़े घर की बेटी**

**प्रेमचंद**

१. उपर्युक्त वाक्य वक्ता ने कब, किस उद्देश्य से कहा था ? २

२. श्रोता का चरित्र - चित्रण कीजिए। २

३. कौन- से लड़के से, कब और क्या अपराध हुआ ? समझाकर लिखिए। ३

४. 'परिवार की एकता उसके सदस्यों की समझदारी पर निर्भर करती है।'यह कथन कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। ३

## Question 6

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:**

प्र. ६ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

**"क्या कैप्टन चश्मेवाला नेताजी का साथी है या आजाद हिंद फौज का भूतपूर्व सिपाही ? "**

**नेताजी का चश्मा**

**स्वयं प्रकाश**

१. यह वाक्य किसने व कब पूछा ? २

२. श्रोता का परिचय दीजिए । २

३. कैप्टन चश्मे वाले का परिचय दीजिए। वक्ता कैप्टन के बारे में पूछताछ क्यों करता है? कारण सहित स्पष्ट कीजिए। ३

४. वक्ता के स्वाभाविक गुण बताते हुए कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ? ३

## Question 7

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:**

प्र. ७ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

**'एक बार एक वन के पशुओं को लगा कि वे सभ्यता के उसे स्तर तक पहुँच गए हैं, जहाँ उन्हें एक अच्छी शासन व्यवस्था अपनानी चाहिए ।'**

भेड़ें और भेड़िए

हरिशंकर परसाई

प्रश्न

१. वन प्रदेश में कौन सी शासन व्यवस्था अपनाने का निश्चय किया गया? पशु समाज पर इस परिवर्तन का क्या प्रभाव पड़ा ? २

२. इस फैसले पर भेड़ों ने क्या सोचा ? भेड़ियों पर इसका क्या असर हुआ ? २

३. भेड़िए को इस समस्या का हल किसने और क्या बताया ? भेड़िए की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। ३

४. प्रस्तुत कहानी में भेड़ें और भेड़िए किस - किसका प्रतीक है ? भेड़िए की जीत हमारे सामाजिक किन कमियों को दर्शाती हैं ? ३

साहित्य सागर- पद्य भाग

## (SAHITYA SAGAR – POEMS)

## Question 8

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:**

प्र.८ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

जाके प्रिय न राम वैदेही।
ताजिए ताहि कोटि वैरी सम जदपि परम सनेही।।
तज्यो पिता प्रहलाद, विभीषण बंधु, भरत महतारी।
बलि गुरु तज्यो, कंत ब्रज बनितान्ह, भए –मुद मंगलकारी।।
नाते नेह राम के मनियत, सुहुद सुसेव्य जहां लौं।
अंजन कहां आंख जेहि फूटै, बहुत तक कहौं कहां लौं।।
तुलसी सो सब भांति परमहित पूज्य प्रान ते प्यारो।
जासों होय सनेह राम- पद , एतो मतो हमारो।।२।।

विनय के पद

तुलसीदास

१. ' ताजिए ताहि कोटि वैरी सम जदपि परम सनेही।।' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। २

२. भरत और विभीषण ने किसका त्याग किया व क्यों ? २

३. शब्दार्थ लिखिए - वैदेही ,महतारी, अंजन, एतो, सनेही , नाते ३

४. कवि परिचय दीजिए । ३

## Question 9

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:**

प्र. ९ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

जब तक मनुज –मनुज का यह

सुख भाग नहीं सम होगा
शमित न होगा कोलाहल
संघर्ष नहीं कम होगा।
उसे भूल वह फसा परस्पर
ही शंका में भय में
लगा हुआ है केवल अपने में
और भोग - संचय में।

स्वर्ग बना सकते हैं

रामधारी सिंह दिनकर

१.कवि की किस रचना से यह कविता ली गई हैं? यह ज्ञान कौन, किसे व कब दे रहा है? २

२. आज का मानव किस बात को भुला बैठा है और किस कार्य में लगा हुआ है? २

३. धरती पर शांति क्यों नहीं है? उसके रास्ते में क्या रुकावटें हैं? ३

४. शब्दार्थ लिखिए :- मनुज, सम, संघर्ष, शमित, कोलाहल, संचय ३

## Question 10

**प्र. १० Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

जीवन अपूर्ण लिए हुए,
पाता कभी, खोता कभी।
आशा - निराशा से घिरा,
हँसता कभी, रोता कभी।
गति- मति ना हो अवरुद्ध, इसका ध्यान आठों याम है।
चलना हमारा काम है।

चलना हमारा काम है

शिवमंगल सिंह 'सुमन'

१. कवि ने मनुष्य के जीवन को कैसा कहा है और क्यों? २

२. 'गति- मति ना हो अवरुद्ध, इसका ध्यान आठों याम है।'इससे कवि का क्या तात्पर्य है? २

३. जीवन किससे घिरा है? हमें किसे अधिक महत्त्व देना चाहिए? क्यों? कैसे ? ३

४. जीवन की विषम परिस्थितियों का सामना करने में यह कविता सहायक सिद्ध होती है। क्या आप इस विचार से सहमत है? अपने उत्तर को कारण सहित स्पष्ट करते हुए कविता का मूल भाव लिखिए। ३

******************